<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–15 जून 2025</u> **7:20 AM**

- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज लखनऊ में प्रदेश के 60 हजार 244 नव चयनित सिपाहियों को सौपेंगे नियुक्ति पत्र। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित अन्य गणमान्य भी कार्यक्रम में होंगे शामिल।
- लखनऊ के रहने वाले भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला 19 जून को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के लिए होंगे रवाना। स्पेस एक्स टीम ने जाने की तिथि की घोषित।
- अहमदाबाद विमान दुर्घटना की जांच के लिए उच्च स्तरीय समिति गठित। तीन महीने में समिति देगी रिपोर्ट।
- कैलाश मानसरोवर यात्रा आज से होगी शुरू। प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह करेंगे श्रद्धालुओं के जत्थे को रवाना।

**********

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज लखनऊ में उत्तर प्रदेश पुलिस की अब तक की सबसे बड़ी पुलिस भर्ती परीक्षा में चयनित 60 हजार 244 अभ्यर्थियों को लखनऊ के डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत अन्य गणमान्य भी मौजूद रहेंगे। समारोह की तैयारियां को लेकर कल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डिफेंस एक्सपो ग्राउंड का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके पूर्व राज्य के पुलिस प्रमुख राजीव कृष्ण ने भी कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि कल हजारों अभ्यर्थियों और उनके परिजनों की सहूलियत के लिए चाक चौबंद यातायात व्यवस्था के साथ उनकी सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।

***यहाँ पर जो 60,244 कॉस्टेबल भर्ती हुए हैं यूपी पुलिस में, उनका नियुक्ति पत्र का वितरण समारोह है। यह एक बड़े स्केल का कार्यक्रम है, जिसमें प्रदेश के सभी कोनों से, सभी जिलों से जो 60,244 कॉस्टेबल रिक्रूट हुए हैं, वो यहाँ पर आएंगे। उनके लिए एक व्यापक व्यवस्था की गई है। उनके गृह जनपद से लेकर के यहाँ तक लाने की जो डिस्टेंट जनपद हैं, दूर जनपद हैं, उनमें बीच में एक इण्टरमीडियट जनपद की व्यवस्था की गई***

यूपी पुलिस भर्ती बोर्ड ने मार्च महीने में पुलिस आरक्षी के इन पदों का परिणाम घोषित किया था। परीक्षा पास करने वालों में 12 हजार 48 महिला अभ्यर्थी भी शामिल हैं।

**********

भारतीय अंतरिक्ष यात्री और लखनऊ के रहने वाले ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन ले जाने वाला एक्जिओम–4 मिशन 19 जून को लांच हो रहा है। केंद्रीय विज्ञान एवं तकनीकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी है। इस दौरान स्पेस एक्स टीम ने पुष्टि की है कि लांच को पहले स्थगित करने वाले सभी तकनीकी मुद्दों का उचित समाधान कर लिया गया है। भारतीय वायुसेना में कार्यरत ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने अपनी प्रारम्भिक शिक्षा गृहनगर लखनऊ में हासिल की। इसके बाद उन्होंने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी से अपनी पढ़ाई पूरी की है।

**********

हीट वेव के कारण राज्य के परिषदीय विद्यालयों में तीस जून तक अवकाश रहेगा। इस संबंध में बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव सुरेंद्र कुमार तिवारी ने आदेश जारी किया है। इससे पहले परिषदीय स्कूलों में 20 मई से 15 जून तक ग्रीष्मकालीन छुट्टियां घोषित की गई थीं। पहली जुलाई से पठन–पाठन का काम शुरू होगा।

**********

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप पुरी ने कहा है कि देश में आगामी महीनों के लिए पर्याप्त मात्रा में ईंधन उपलब्ध है। ईंधन आपूर्ति के बारे में दी गई यह जानकारी इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि ईरान के इस्राइल पर हमले के बाद अंतर्राष्ट्रीय तेल कीमतों में काफी वृद्धि हुई। श्री पुरी ने कहा कि भारत सालाना एक सौ पचास अरब अमरीकी डॉलर का तेल आयात करता है और इस आयात से भारत के कच्चे तेल की लगभग अस्सी प्रतिशत ज़रूरत पूरी होती है।

**********

बाराबंकी जिले के डलईपुरवा की रहने वाली होनहार छात्रा पूजा पाल विज्ञान कांग्रेस में भाग लेने के लिये कल जापान के लिये रवाना हो गईं है। सुश्री पाल ने विज्ञान में अपनी रूचि और प्रतिभा के बल पर धूल रहित थ्रेशर का मॉडल तैयार किया है।

***बाराबंकी के डलाई पूरवा में रहनी वाली और फतेह चंद्र इंटर कॉलेज में पढ़ने वाली छात्रा पूजा पाल ने क्लास 8 इंस्पायर योजना के तहत धूल रहित थ्रेसर का मॉडल तैयार किया था . जिससे उसका चयन पहले ज़िला, मंडल और फिर राष्ट्रीय स्तर पर हुआ. अब साकुरा कार्यक्रम के अंतर्गत पूजा का चयन विज्ञान कार्यक्रम के लिए हुआ आकाशवाणी से बातचीत करते हुए पूजा पाल ने बताया......***

*पापा मजदूरी करते हैं, मम्मी सरकारी स्कूलमें रसोइया हैं तो इसलिए हमारे यहांतक पहुंचने के लिए हमारी मैम पूनम शुक्ला हैं और डीआईओएस सर हैं, राजेश श्रीवास्तव सर और हमारे कई टीचरहैं। सबकी वजह से आज हमयहां तक पहुंच पाए हैं, कभी सर सोचा नहीं थाकि हम यहां तक पहुंच पाएंगे। परवेज अहमद, आकाशवाणी समाचार, बाराबंकी।*

**********

अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना की जांच के लिए केंद्र सरकार ने एक उच्चस्तरीय बहुपक्षीय समिति गठित की है। नागर विमानन मंत्री के. राम मोहन नायडू ने कल बताया कि नागर विमानन महानिदेशालय ने भारतीय विमान बेड़े में मौजूद 34 बोइंग 787 विमानों की विस्तारित जांच का आदेश दिया है। श्री नायडू ने कहा कि इनमें से आठ विमानों का तत्काल निरीक्षण किया जा चुका है।

कल संवाददाताओं को जानकारी देते हुए श्री नायडू ने कहा कि समिति ऐसी घटनाओं को रोकने और उनसे निपटने के लिए जारी मौजूदा मानक संचालन प्रक्रियाओं और दिशा–निर्देशों की जांच करेगी। समिति को तीन महीने के भीतर रिपोर्ट देने को कहा गया है। उधर, एयर इंडिया, अहमदाबाद विमान दुर्घटना में मृतकों के परिजन और घायलों को वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए तत्काल 25–25 लाख रुपये का अंतरिम भुगतान करेगी। एयर इंडिया ने एक बयान में कहा कि यह कंपनी द्वारा पहले से घोषित एक करोड़ रुपये की सहायता के अतिरिक्त है।

**********

पवित्र कैलाश मानसरोवर यात्रा पांच वर्षों के अंतराल के बाद पुनः शुरू हो रही है। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह आज तीर्थ यात्रियों के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। पत्रकारों से बातचीत में पर्यटन मंत्री ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा का ख्याल रखना हमारी शीर्ष प्राथमिकता है। बाइट

**देखिए सौभाग्य है उत्तर प्रदेश का और खास कर के गाजियाबाद का जिसकी पुनीत पावन धरती पर नया मानसरोवर भवन इन्द्रापुरम् में बनने के बाद इस भवन से इतिहास में पहली बार गाजियाबाद की धरती पे ये पहला जतरा रवाना होगा, लगातार यहां से जितने जतरे रवाने होंगे। श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो सारी सुविधाओं का खयाल रखा है।**

**********

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर प्रदेश भर में तैयारियां चल रही हैं। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कल सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये आयोजन की तैयारियों का जायजा लिया और जरूरी दिशा निर्देश दिये। श्री सिंह ने कहा कि योग दिवस के सफल आयोजन के क्रम में 15 जून से 21 जून तक योग सप्ताह मनाया जायेगा। उन्नाव, अमरोहा और वाराणसी में साप्ताहिक योग शिविर की शुरूआत आज से होगी। स्वास्थ्य केन्द्रों, सार्वजनिक पार्कों, ब्लाको और गांवों में योग प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। बाराबंकी में योग दिवस के उपलक्ष्य में केएनएस इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सांइसेंज में योग शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधान परिषद सदस्य हरि गोविंद सिंह ने कहा कि योग जीवन दिशा बदलने का माध्यम है और इसे अपने दैनिक जीवन में अपनाना चाहिये।

**********

अयोध्या में राम दरबार के दर्शन के लिये कल से व्यवस्था शुरु कर दी गई है। श्रद्धालुओं को राम दरबार के दर्शन के लिए हर 2 घंटे पर 300 पास जारी किए जाएंगे। वहीं पूरे दिन में 1800 भक्त राम दरबार का दर्शन कर सकेंगे। राम मंदिर तीर्थ ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि ऑनलाइन पास की सुविधा बाद में शुरु की जाएगी।

**********

प्रदेश के विभिन्न इलाकों में कल रात से लेकर आज सुबह तक रूक रूक कर हुई बारिश से मौसम सुहाना हो गया है। मौसम विज्ञान विभाग ने सत्रह जून से बीस जून तक प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में अनेक स्थानों पर गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने और वर्षा होने का अनुमान व्यक्त किया है। विभाग के मुताबिक उन्नीस और बीस जून को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी यही स्थिति रहेगी। विभाग ने आगामी पांच दिनों में अधिकतम तापमान में पांच से सात डिग्री सेल्सियस, जबकि न्यूनतम तापमान में चार से छह डिग्री सेल्सियस गिरावट की संभावना भी जताई है।

**********